TuftsMedicine

वित्तीय सहायता नीति

आम भाषा में सारांश

वित्तीय सहायता की पेशकश

TuftsMedicine प्रत्येक रोगी को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने में गर्व अनुभव करता है। इस लिए, TuftsMedicineआपातकालीन और चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए भुगतान करने में असमर्थ रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

क्या मैं इसका पात्र हूँ**?**

जिन रोगियों के पास भुगतान के उचित साधन हैं, उनसे TuftsMedicine संस्थाओं में प्राप्त सेवाओं के लिए भुगतान की उम्मीद की जाती है। हालाँकि, आप भी वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं और यह कई कारकों पर आधारित है, जिनमें शामिल हैं: बीमा कवरेज, आय (संघीय गरीबी स्तर के दिशानिर्देश, जो वित्तीय सहायता की पेशकश की राशि निर्धारित करने के लिए उपयोग किए जाते हैं), परिवार का आकार, संपत्ति, निवास स्थान, और अन्य चिकित्सा बिल।

- वित्तीय सहायता की पेशकश उन रोगियों को की जाती है जिनका बीमा नहीं है या जिनका बीमा कम है। बिल किए गए शुल्कों का भुगतान करने की रोगी की क्षमता के आधार पर आंशिक या पूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- रोगियों को आवेदन प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन करना होगा, जिसमें टैक्स रिटर्न, बैंक स्टेटमेंट और पे स्टब्स जमा करना शामिल है, इसमें मेडिकेड या अन्य संघीय कार्यक्रमों सहित सहायता के सभी उपलब्ध स्रोतों के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूरा करना भी शामिल है।

मैं आवेदन कैसे दूँ?

यदि आप भुगतान करने में असमर्थ हैं, तो हमारी वेबसाइट tuftsmedicalcenter.org/financialassistance पर जाएँ, जहाँ आप उपलब्ध वित्तीय सहायता कार्यक्रमों की जानकारी की समीक्षा कर उसे डाउनलोड और प्रिंट कर सकते हैं।TuftsMedicineवित्तीय सहायता नीति और आवेदन वेबसाइट पर और वित्तीय समन्वय के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध हैं। आप इसे डाक द्वारा भेजे जाने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

अपवाद

यह नीति केवल TuftsMedicineसंस्थाओं में चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सेवाओं पर लागू होती है। यह उन स्वतंत्र चिकित्सकों या चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर लागू नहीं होती जो TuftsMedicineद्वारा नियोजित नहीं हैं। इसमें एनेस्थिसियोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट और पैथोलॉजिस्ट शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

अन्य

कोई भी व्यक्ति जो वित्तीय सहायता के लिए पात्र है, उससे आपातकालीन या अन्य चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए आम तौर पर बिल की गई राशि (AGB) से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

गैर-अंग्रेजी भाषियों के लिए

財務補助文件亦有中文翻譯版。

Os documentos de Assistência Financeira estão disponíveis no idioma português.

Документы о финансовой помощи имеются на русском языке.

Hay traducciones de los documentos de Asistencia Financiera disponibles en español.

Cac bản dịch thuật tai liệu về Hỗ trợ Tai chinh co sẵn bằng Tiếng Việt.

आप इन तीन वित्तीय समन्वय विभागों में से किसी से भी टेलीफोन द्वारा, या व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं:

- **टफ्ट्स मेडिकल सेंटर**
  बियुवेंड बिल्डिंग, पहली मंजिल, 260 ट्रीमॉन्ट स्ट्रीट, बॉस्टन, MA 02111
  फोन 978.937.6700

- **टफ्ट्स मेडिकल सेंटर**
  प्रोगर बिल्डिंग, पहली मंजिल, 800 वाशिंगटन स्ट्रीट, बॉस्टन, MA 02111
  फोन 978.937.6700

- **लोवेल जनरल अस्पताल**
  दाहोद बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर, 295 वर्नम एवेन्यू, लोवेल, MA 01854
  फोन 978-937-6700

- **लोवेल जनरल अस्पताल सेंटस कैंपस**
  ग्राउंड फ्लोर, 1 हॉस्पिटल ड्राइव, लोवेल, MA 01852
  फोन 978-937-6700

- **मेलरोज वेकफील्ड अस्पताल**
  पोर्टर स्ट्रीट, पहली मंजिल, 585 लेबनान स्ट्रीट, मेलरोज़, MA 02176
  फोन 978-937-6700

- **लॉरेंस मेमोरियल अस्पताल**
  अर्जेंट केयर के पास ग्राउंड फ्लोर, 170 गवर्नर्स एवेन्यू, मेडफोर्ड, MA 02155
  फोन 978-937-6700